IQAC

Activites

1.

2.

3. 25.04.2024 Extension Lecture on NAAC Reformos 2024

आईजीयू में नैक की नई गाइडलाइंस पर व्याख्यान का आयोजन

रणघोष अपडेट. रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी में नैक (नैक) के लिए आज एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जय प्रकाश यादव ने सभी स्टाफ सदस्यों, विभाग अध्यक्षों, एवं अधिष्ठाताओं को नैक की नई गाइडलाइंस के बारे में विस्तार से बताया। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय पिछले एक वर्ष से नैक की मान्यता के लिए लगातार प्रयास कर रहा है परंतु इसी दौरान नैक की नई दिशा-निर्देश आ जाने के कारण अब नए सिरे से इसके लिए तैयारियां शुरू की गई है। कुलपति प्रोफेसर जय प्रकाश यादव ने बताया कि पहले वाली गाइडलाइंस में 7 पॉइंट्स के आधार पर नैक होता था लेकिन अब नई गाइडलाइंस में इनको 10 पॉइंट्स के आधार पर मान्यता दी जाएगी। इस संबंध में पहली गाइडलाइन जो की पाठ्यचर्या डिजाइन पर आधारित है जिसमें सभी पाठ्यक्रमों की रचनाओं को दर्शाया गया है। दूसरी गाइडलाइन में संकाय संसाधन जिसमें सभी स्टाफ सदस्यों के संसाधनों के बारे में बताया गया है। तीसरी गाइडलाइन में विश्वविद्यालय की आधारभूत संरचनाओं के बारे में बताया गया है एवं विश्वविद्यालय से जुड़े वित्तीय संसाधन एवं प्रबंधन की रूपरेखा, विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए सीखना एवं सिखाना, विस्तारित

पाठ्यचर्या संलग्नक, शासन एवं प्रशासन की गतिविधियां एवं छात्रों के परिणाम, विभिन्न शोध कार्यों में अनुसंधान एवं नवप्रवर्तन परिणाम, स्थिरता के परिणाम आदि गाइडलाइंस को विस्तारित रूप से समझाया।

कुलसचिव प्रोफेसर प्रमोद कुमार ने कुलपति एवं सभी स्टाफ सदस्यों का धन्यवाद दिया। इस व्याख्यान का आयोजन आइक्यूएसी (आईओएसी) इकाई की निदेशक प्रोफेसर रश्मि पुंडीर एवं नैक (नैक) के संयोजक प्रोफेसर सुनील कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी विभागों के अध्यक्ष, अधिष्ठाता एवं सभी शिक्षक व गैर-शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

4.

5. 06.12.2023 Computer Orientation program

[04.08.2022: One day workshop on “Basics of IPR, Patent filing and Drafting”.]

[28.05.2022: Extension lecture on “NAAC Accreditation”.]

[20.07.2020   One-Day Workshop On Effective Communication 20th July 2020]